बेसहारों का सहारा...

|| मानव सेवा तीर्थ ||

Home for dying destitute, old & disabled.

"अंकितग्राम" सेवाधाम आश्रम

स्थापना वर्ष 1989

सेवा - शिक्षा - स्वास्थ्य - स्वावलंबन - सद्भाव

"Ankitgram" Sewadham Ashram

Established Year 1989

उज्जयिनी वरिष्ठ नागरिक संगठन का मुख्य सेवा प्रकल्प

Main Project of Ujjaini Senior Citizen's Forum(USCF),Ujjain

# मासिक वृतांत

|| मानव सेवा, माधव सेवा ||

# Monthly Updates

**1 मई से 31 मई 2025**

**1 May to 31 May 2025**

नमस्कार,


**अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम** की साप्ताहिक सेवा गतिविधियों की जानकारी अप्रैल माह की आप तक साझा करने का प्रयत्न किया गया, किन्तु प्राप्त परामर्श अनुसार अब हम आप तक **मासिक जानकारी** साझा करने का छोटा-सा प्रयास कर रहे है। कृपया हमारे सोश्यल मीडिया प्लेट फार्म से नियमित रुप से जुड़कर, आपके सम्पर्क के सभी साथियों तक उक्त जानकारियों को साझा करने का प्रयत्न कीजिएगा।

ankitgramsewadhamashram.org contact@ankitgramsewadhamashram.org @ankitgrammgo

9425092505 | 7987768019

## सेवाधाम के बारे में ...

**सन् 1989 ( 36 वर्ष पूर्व ) में अनादि नगरी उज्जयिनी के पश्चिम द्वार पर, बिल्केश्वर महादेव मन्दिर के चरणों में गंभीर बांध के समीप, पंचकोसी मार्ग स्थित 12 एकड़ उबड़ खाबड़, बंजर भूमि से आज प्राकृतिक सौंदर्य से आच्छादित होकर सेवातीर्थ के रूप में अपनी पहचान बना रही है।**








## 1 मई से 31 मई तक की प्रमुख जानकारी



सेवाधाम आश्रम के आराध्यदेव सद्गुरू रणछोड़दासजी महाराज




**भोपाल में विस्तार न्यूज द्वारा आयोजित समारोह में म.प्र. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा सुधीर भाई सम्मानित**



सेवाधाम के परोक्ष समाजसेवी प्रेरणा पुंज अंकित गोयल





**सुधीर भाई के नेतृत्व में उज्जैन नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव ने अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम के 50 से अधिक स्वयं सेवकों के साथ ऋषि तलाई में श्रमदान किया, विश्वमित्र योगेश मथुरिया, पूना उपस्थित रहे।**



श्री आशीष सिंह, कलेक्टर इन्दौर से अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम संस्थापक सुधीर भाई गोयल, श्री अनिल सुराणा एवं श्री मैहूल संघवी द्वारा सौजन्य भेंट कर आश्रम की गतिविधियों एवं भिक्षुको के सम्बंध में जानकारी प्रदत्त की।



श्री रोशन सिंह, कलेक्टर उज्जैन से अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम संस्थापक सुधीर भाई गोयलद्वारा सौजन्य भेंट कर आश्रम की गतिविधियों की जानकारी प्रदत्त कर आश्रम आगमन हेतु आमंत्रित किया



**आश्रम में निवासरत कैंसर, टी.बी., एच.आई.वी. संक्रामक और बिस्तरग्रस्त रोगियों हेतु 30 हजार स्के.फीट में निर्माणाधीन सेवालय की पूर्णता बिना आपके सहयोग के संभव नहीं...**

**सहयोग करने के लिए QR कोड को स्कैन करें।**
Account Name: **SEWADHAM ASHRAM**
Account number: **038194600000563**



## 1 मई से 31 मई तक की प्रमुख जानकारी

# अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम के परोपकारी आर्शीवाददाता गुरू भगवंत



आचार्यदेव पद्मभूषण प.पू. श्रीमद् विजय रत्नसुन्दर सुरीश्वरजी म.सा.



देवर्षि पन्यास पूज्यपाद श्री वज्रसेन विजयजी म.सा.



आचार्य देवेश परम पूज्य श्री हेमप्रभ सुरीश्वरजी म.सा.



परमपूज्य यज्ञ सम्राट स्वामी प्रखरजी महाराज




मानसिक तनाव से ग्रस्त 21 महिलाओं ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर व्यसनमुक्त जीवन का संकल्प लिया, सुधीर भाई ने वेद मंत्रोच्चार एवं अमृत जल से संकल्प दिलाया, मनोचिकित्सक डॉ. राकेश मीणा (शा. जिला चिकित्सालय, उज्जैन) एवं सेम्स, इन्दौर के चिकित्सको ने सहभागिता की





भारत के इतिहास में पहली बार नईदिल्ली स्थित राजघाट महात्मा गांधी समाधि स्थल से विश्व में शांति का संदेश लेकर अखण्ड ज्योत को 21000 किमी की पैदल शांति यात्रा एवं 11 देशो सहित भारत के 23 राज्यों में गांधीजी की शांति यात्रा का अलख जगाने वाले विश्वमित्र योगेश मथुरिया पूना एवं साथी सचिन माधव के साथ सेवाधाम पहुंचकर रात्रि विश्राम किया।
सुधीर भाई पूना स्थित युनिवर्सिटी ऑफ लाईफ में पीस हिल गार्डन में महात्मा गांधी की अखण्ड ज्योत स्थापना कार्यक्रम में सुधीर भाई सम्मिलित हुए।



अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम, उज्जैन में पहलगाम में शहीद हुए मृतात्माओं की आत्मशान्ति हेतु शान्ति यज्ञ – श्रृद्वांजलि सम्पन्न



अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम, उज्जैन के विशेष बच्चों को जररूतमंद क्षैत्रों में सोलर लैम्प पहुंचाने वाले सचिन माधव पूना ने प्रशिक्षण दिया

"अंकितग्राम"
सेवाधाम आश्रम
उज्जयिनी वरिष्ठ नागरिक संगठन का मुख्य सेवा प्रकल्प



## 1 मई से 31 मई तक की प्रमुख जानकारी






1921 में स्थापित महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी के दिशा निर्देश पर अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम उज्जैन के साथ आगामी 5 वर्षों हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर सेवाधाम आश्रम संस्थापक सुधीर भाई गोयल, कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी, कुलसचिव डा. सुनिला पाण्डे, वित्त अधिकारी संतोष कुमार शर्मा, परीक्षा नियंत्रक दिप्ती मिश्रा, उप कुलसचिव आनन्द कुमार मोर्य एवं निदेशक आउटरिच प्रो. संजय कुमार आदि मौजूद रहे।






श्री अरविन्दो इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी, इन्दौर से डॉ. मुकुल शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर के नेतृत्व में छात्र–छात्राओ ने निवासरत विशेष बच्चों के साथ समय बिताकर आश्रम संस्थापक सुधीर भाई से सेवा के बारे में मार्गदर्शन लिया



7 वर्ष पूर्व 31 जुलाई 2018 को शाजापुर निवासी चमन शर्मा के साथ आश्रम की बौद्धिक दिव्यांग फुंदी का विवाह सम्पन्न हुआ, फुंदी की बेटी को दादा–दादी आश्रम में नाना–नानी से मुलाकात करने लेकर आए



कुमावत जागृति के 22वें वर्ष में प्रवेश पर आपरेशन सिंदूर में जांबाज भारतीय सैनिको के शौर्य एवं पराक्रम हेतु सैनिक कल्याण बोर्ड और सेवाधाम आश्रम को 22–22 हजार रूपये का चेक भेंट कर 22 नारियों का सम्मान किया गया

## चिकित्सकीय सुविधाऐं



महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय मानसिक चिकित्सालय इन्दौर द्वारा मनोरोग से ग्रसित आश्रमवासियों हेतु मानसिक स्वास्थ शिविर का आयोजन हुआ



शासकीय डिस्पेंसरी ग्राम अम्बोदिया में पदस्थ डॉ. अमित द्वारा वृद्ध आश्रमवासियों हेतु बीपी, शुगर की जांच कर औषधी प्रदाय करते हुए



शासकीय जिला चिकित्सालय उज्जैन के मनोरोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. राकेश मीणा एवं डॉ. नीतराज गोड़ द्वारा श्री रामकृष्ण बालगृह एवं माँ शारदा बालिकागृह में निवासरत बच्चों के मानसिक स्वास्थ परीक्षण किया गया।


प्रसिद्ध उद्योगपति श्री गिरीश मतलानी इन्दौर ने
श्री प्रसन्न पिल्लई के साथ आश्रम का अवलोकन किया


सरदार बलदेव सिंह ओगरा, इंचार्ज सिख मिशन म.प्र.
ने सेवादारों के साथ आश्रम का अवलोकन किया


व.समाजसेवी श्री विष्णु अग्रवाल सी.ए. एवं
श्री सचिन अग्रवाल, उद्योगपति (इन्दौर)


लैण्ड स्केप आर्किटेक्ट
श्री पार्थ दिवेकर–वी.आर. (पूना)


पर्यावरणविद्
श्री रोहित सोमानी (इन्दौर)


श्री अनिश भाई एवं परिवार (बिहार)


श्री अशोक मित्तल (दिल्ली)


प्रसिद्ध गौसेवक श्री सुनिल मानसिंहका (नागपुर)


श्री सुभाष –पूजा मित्तल (उज्जैन)


श्री विक्की–रचना अग्रवाल (बर्मा)


उद्योगपति श्री आशीष मोदी (अहमदाबाद)


श्री रितिक जैन एवं परिवार (बडनगर)


वोहरा परिवार (बदनावर)


सुराणा एवं ईनानी परिवार (उज्जैन)



श्री बिल्वकेश्वर महादेव मन्दिर में भोपाल के मित्तल परिवार की ओर से महापूजन विद्वान पण्डित चम्पेश्वर गुरूजी द्वारा सम्पन्न



इन्दौर स्थित कार्यालय में भानुभाई पटेल की अध्यक्षता एवं सुधीर भाई गोयल, श्री अनिल सुराणा, श्री मैहूल संघवी एवं डॉ. संजय खेर उपस्थित में निर्माण सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न




गुरूनानक घाट, उज्जैन में सिख समाजबंधुओं से मुलाकात कर सरदार बलदेव सिंह ओगरा, इंचार्ज सिख मिशन मध्यप्रदेश को आश्रम आगमन हेतु आमंत्रित किया।



वास्तुविद श्री एवं श्रीमती रीमा नाशा (रायपूर)



श्री अभय–रीना अग्रवाल (सूरत)







आगंतुक अतिथियों ने बच्चे का जन्मदिन मनाया

## आश्रम में प्रवेश की जानकारी

### मई माह में कुल प्रवेश – 74



## जीवन परिवर्तन

27 मई 2025 को सेवाधाम आश्रम में सुधीर भाई गोयल से सी. ई. ओ. स्मार्ट सिटी श्री संदीप शिवा एवं उपायुक्त नगर पालिक निगम, उज्जैन ने चर्चा कर अनुशंसित किया और कहा कि झोन क्र. 4 के गेट पर विगत कई वर्षों से मानसिक विक्षिप्त, अर्द्ध नग्न अवस्था में मल-मूत्र में सना जिसके पास खड़ा होना भी दूभर हो रहा है, जनता को बहुत कठिनाई उत्पन्न हो रही है आप उसे सेवाधाम आश्रम में अपना लेवें, सुधीर भाई ने सहर्ष स्वीकृति प्रदान की, तत्पश्चात नगर पालिक निगम के गैंग प्रभारी मानसिक विक्षिप्त को प्रवेश हेतु लेकर आए, उसने अपना नाम आशीष माथुर बताया। उसके जीवन में आए परिवर्तन को आप स्वयं देख सकते है...




### प्रवेश

| अनुशंसाऐं | पुरूष | महिला | बच्चा | कुल |
|---|---|---|---|---|
| कलेक्टर महोदय जिला इन्दौर की अनुशंसा पर भिक्षुको का प्रवेश | 27 | 32 | 2 | 61 |
| अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी महोदय, उज्जैन, रतलाम | – | 3 | – | 3 |
| अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आगर–बड़ौद जिला आगर मालवा | – | 1 | 1 | 2 |
| बाल कल्याण समितियों से प्रवेश–इन्दौर, झाबुआ | – | – | 2 | 2 |
| उपायुक्त, नगर पालिक निगम, उज्जैन | 1 | – | – | 1 |
| उप निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल, फतेहाबाद | 1 | – | – | 1 |
| श्री पंकज कटारिया रतलाम द्वारा अनुशंसित परिजन | 1 | 1 | 1 | 3 |
| अवसादग्रस्त महिला स्वयं की इच्छा से प्रवेश | – | 1 | – | 1 |













### मीसाबन्दी भी हैं सेवाधाम में

आदतन भिक्षावृत्ति करते वृद्ध इंजिनीयर भिक्षुक मीसा बन्दी और विनोबा भावे के साथी निकले जिन्हें सबने ठुकराया, सेवाधाम ने अपनाया

### यहाँ से आते हैं -

जिला, पुलिस प्रशासन, केन्द्रिय, राज्य मंत्रियों, सांसद-विधायकों, अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ, न्यायालय, जेल, सी डब्ल्यू सी, विविध संस्थाओं और सामान्य नागरिकों, जनसेवकों के माध्यम से भी अपनाए जातेहै।

## आश्रम पुर्नवास की जानकारी

### मई माह में कुल पुनर्वास – 11

माह मई 2025 में 11 परिवार से परित्यक्तों का परिवार को समझाईश एवं कांउसलिंग कर परिवार में पुनर्वसित किया जिनमें महिला एवं बाल विकास विभाग इन्दौर की अनुशंसा पर भिक्षुकों का पुनर्वास–8 एवं परिवार में पुनर्वास–3











### 7 माह पश्चात कांचीपुरम तमिलनाडू की मानसिक अवसाद से ग्रस्त दाक्षियानी (नेन्सी) को पुनः मिला परिवार का प्यार

तमिलनाडू की रहने वाले इंग्लिश एवं तमिल भाषी को मध्यप्रदेश कैसे आई पता नही, किन्तु आश्रम आने के बाद स्वास्थ सुधार होने पर पिता का मोबाईल नम्बर याद आने पर बातचीत कराई गई एवं पिता खुशी से रोने लगे, नेन्सी अपने परिवार के साथ सुखमय जीवन व्यतीत कर रही है, जो पिता के साथ हवाई जहाज से लौटी...

## मृत्यु

### मई माह में कुल मृत्यु – 11

माह मई 2025 में 11 निराश्रित, मरणासन्न रोगियों की मृत्यु हुई इनमें अनेक वर्षो से सेवा पर निर्भर थे और कई बार उज्जैन–इन्दौर के अस्पतालों में भी भर्ती रहे, एक–देहदान, एक–परिवार को अंतिम संस्कार हेतु सौंपा, चार–शासकीय जिला चिकित्सालय उज्जैन में शव विच्छेदन, चार–संस्था द्वारा विद्युत शवदाह गृह, चक्रतीर्थ, उज्जैन में अंतिम संस्कार एवं एक– चक्रतीर्थ रामघाट, उज्जैन में भूमिगत समाधि दी गई।



## अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम, उज्जैन द्वारा माह मई 2025 में उपचार हेतु अस्पताल भेजा





| जिला चिकित्सालय, उज्जैन कुल 20 | एम.वाय. अस्पताल, इन्दौर कुल 4 |
|---|---|

### उज्जैन के वरिष्ठ समाजसेवी एवं जत्थेदार सरदार सुरेन्द्र सिंह अरोरा के निधन पर आश्रम संस्थापक सुधीर भाई अंतिम यात्रा में पहुंचे





# अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम में विशेष भोजन का आयोजन



वरिष्ठ समाज सेवी श्री कृष्ण मुरारी गुप्ता जी की पावन स्मृति में पुत्र श्री उमेश गुप्ता द्वारा आदित्यवर्धन के साथ गौसेवा कर नारायण सेवा की



28 मई 2025 को सेवाधाम आश्रम के संरक्षक, जैन रत्न, वरिष्ठ समाजसेवी एवं गौ भक्त स्व.श्री महेन्द्र कुमारजी बम साहेब के 15वें पुण्य स्मरण दिवस पर विशेष प्रसादम्






श्री बनवारीलालजी पोद्दार



श्रीमती राधा देवी पोद्दार

स्वर्गीय सेठ श्री बनवारीलालजी पोद्दार की जन्म जयंती और जीवन संगिनी श्रीमती राधा देवी पोद्दार की दाग तारीख पर पोद्दार (अग्रवाल) परिवार द्वारा स्वजनों की उपस्थिति में अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम में 1100 सदस्यों का विशेष भोजन संपन्न










बच्चों का जन्मदिन मनाया





## सर्वदोष निवारण के साथ खुशियां बांटें

जन्म दिवस
विवाह वर्षगांठ
मंगल उत्सव
गृह प्रवेश
पितृ स्मृति
नवगृह शान्ति एवं
कालसर्प दोष निवारण
हेतु
जीवंत ईश्वरीय
1100 से अधिक परिवार
के विशेष सदस्यों
की सेवा का लाभ लें

# अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम संस्थापक श्री सुधीर भाई के प्रवास की झलकियां



वाराणसी में पार्श्वनाथ भगवान की दिव्य जन्मभूमि के दर्शन



काशी विश्वनाथ वाराणसी का आशीर्वाद प्राप्त किया




पूना प्रवास पर सिस्टर लूसी कुरियन संस्थापिका माहेर से आत्मिय मुलाकात



महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में समाज कार्य विभाग के निदेशक प्रोफेसर एम. एम. वर्मा और प्रोफेसर डॉ संजय कुमार के साथ वार्ता



प्रख्यात समाजसेवक श्री गिरिश कुलकर्णी संस्थापक स्नेहालय







विश्व मित्र श्री योगेश मथुरिया द्वारा स्थापित शांति सद्भाव की प्रतीक पीस हिल्स जहां वर्धा के शिल्पकार जालंधर भाई द्वारा निर्मित शांति स्तंभ के साथ गांधी जी, बा सहित अनेक महापुरुषों की प्रतिमाएं है पर राजघाट से सेवाधाम उज्जैन होते लाई गई अखंड शांति ज्योत और बेल की स्थापना समारोह में प्रसिद्ध पर्यावरणविद और साबरमती गांधी आश्रम के मैनेजिंग ट्रस्टी श्री जयेश भाई पटेल, उ. प्र.के पूर्व संयुक्त सचिव और NVP के ट्रस्टी श्री अजय पांडे के साथ अतिथि के रूप में सम्मिलित होना मेरे लिए गर्व का विषय रहा , यहां श्री संजय राय राष्ट्रीय सचिव हरिजनसेवक संघ, श्री पार्थ दिवेकर के साथ देश विदेश के अनेक महानुभाव और गांधी वादी उपस्थित रहे।




पूना प्रवेश के दौरान श्री नारायणधाम में थैरेपी का लाभ लिया



पूना यात्रा के दौरान संत ज्ञानेश्वरजी की समाधी पर जाकर आशीर्वाद प्राप्त किया



पूना यात्रा के दौरान उनर शाला का भ्रमण





वाराणसी में श्री अजय पांडे पूर्व संयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश शासन एवं ट्रस्टी NVP के पारिवारिक विवाह समारोह में सम्मिलित हुआ यहां विनोबा आश्रम बरतारा के मौन साधक श्री रमेश भैया जी, श्री संजय राय जी, डॉ संजय कुमार मोहित भैया जी के साथ अनेक गणमान्यजनों की उपस्थिति रही और अजय भाई के शतायु सम पिताश्री से आशीर्वाद प्राप्त किया वर-वधु को मंगल आशीर्वाद दिए


# परस्पर और विविध सेवा







अंकितग्राम सेवाधाम में पधारें आगंतुक अतिथियों द्वारा टिप्पणीयां ...





आश्रम में 11 हजार से ज्यादा ईश्वरीय परिवार की सेवा की गयी, वर्तमान में लगभग 1100 बेघर, बेसहारा,सड़क अस्पताल, बस रेल्वे स्टेशन पर पड़े निराश्रित, मरणासन्न, मनोरोगी, दिव्यांग, बहु दिव्यांग,पीड़ित, शोषित, गर्भस्थ पिडिता एवं उनके बच्चों के साथ, 100 वर्ष तक के बुजुर्गों की सेवा का स्थल जहां बिना किसी जाति धर्म, सम्प्रदाय, क्षेत्र, भेद के भारत के सभी राज्यों से ईश्वरीय परिवार के सदस्य है।

सेवा की बात साथियों, मित्रों परिचितों रिश्तेदारों और सोश्यल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाकर भी आप अभिनन्दनीय कार्य कर सकते है।

बाबा महाकाल की नगरी में आश्रम के द्वार चौबीसों घण्टें आपके आगमन सत्कार के लिए खुले हैं।

आश्रम की नित्य आवश्यकताओं और निर्माण, विकास और सेवा कार्यों में सहयोगी हो सकते है।

अपनी क्षमतानुसार नवनिर्माण में 2100 /- प्रति स्क्वेयर फीट, आश्रम परिवार की देखभाल, चिकित्सा, शिक्षा, विविध प्रशिक्षण, काउंसलिंग और अन्य कार्यों में सहयोगी हो सकते हैं।

**आपकी सहभागिता इस प्रकार तय की जा सकती है -**

- पूर्ण या अल्प काल के लिए समयदानी के रुप में
- मानवता की सेवा में अपनी धन-सम्पत्ति का सदुपयोग
- अपने राज्य, संभाग, जिले, नगर, गांव में आश्रम की शाखाओं के माध्यम से मानव सेवा -माधव सेवा के पुनीत यज्ञ में सहभागी हो सकते है

**Website:**
https://ankitgramsewadhamashram.org/

**Facebook:** https://www.facebook.com/ankitgramngo

**Instagram:** https://www.instagram.com/ankitgramngo

**Twitter:** https://twitter.com/ankitgramngo

**Linkedin:** https://www.linkedin.com/in/ankitgramngo

**Youtube:**
https://youtube.com/@ankitgram?si=EEMREuwcputCIkW_

**वेबसाइट/सोशयल मीडिया पेज को लाइक करें/फॉलो करें...**

सेवाधाम आश्रम को सी.एस.आर., विदेशी सहायता (एफसीआरए) एवं 80जी के अन्तर्गत दान लेने की पात्रता है

**Ujjaini Senior Citizens Forum (FCRA)**
**SBI Ac No. : 40108965039**

**सहयोग करने के लिए QR कोड को स्कैन करें। आप चाहें तो सीधे हमारे बैंक अकाउंट (YES BANK) में भी सहयोग कर सकते हैं:**

Account Name: **SEWADHAM ASHRAM**
Account number: **038194600000563**